जिला कारागार का औचक निरीक्षण

न्यायिक अधिकारियों ने बंदियों को दी नि:शुल्क कानूनी सहायता की जानकारी

एक नवंबर को लगेगा मेगा शिविर, पात्र लोगों को मौके पर मिलेंगी सरकारी योजनाओं की सुविधाएं



सहारनपुर (दैनिक हॉक)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आशुतोष तिवारी ने गुरुवार को जिला कारागार सहारनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला एवं पुरुष बैरक, अस्पताल और पाकशाला का जायजा लेकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी भी ली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त एक्शन प्लान के तहत यह निरीक्षण किया गया। पाकशाला में बंदियों से भोजन के संबंध में जानकारी ली गई। बंदियों ने बताया कि उन्हें दिन के भोजन में रोटी, अरहर की दाल और आलू की सब्जी दी गई। अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था उचित पाई गई। जेल प्रशासन के अनुसार, जिला कारागार में वर्तमान में 1297 बंदी निरुद्ध हैं। निरीक्षण के दौरान सचिव ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि जिन बंदियों को नि:शुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता है, उनके आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भिजवाए जाएं। उन्होंने बंदियों को सरकार की ओर से उनके हित में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि नि:शुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के इच्छुक बंदी जेल प्रशासन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी एक नवंबर को आयोजित होने वाले मेगा शिविर की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को पूर्णकालिक सचिव आशुतोष तिवारी की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी और स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत मेगा शिविर आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन, आधार, किसान कल्याण सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को मौके पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शिविर की तैयारियां समय से पूरी करने और अधिक से अधिक पात्र लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया।

रामलीलाओं में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

हनुमान प्रस्थान और लंका दहन का किया मार्मिक मंचन, दर्शक हुए भावविभोर



सहारनपुर (दैनिक हॉक)। महानगर में विभिन्न रामलीला समितियों की ओर से आयोजित रामलीलाओं में शबरी लीला, राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध, हनुमान प्रस्थान और लंका दहन के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के सशक्त अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला मैदान जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठे। गांधी पार्क मैदान पर श्री राधा कृष्ण मंदिर क्लब के तत्वाधान में राम सुग्रीव मित्रता बाली वध और हनुमान का प्रस्थान लीला का सफल मंचन किया गया। शबरी और राम के संवाद सुनकर दर्शक भावुक हुए. हनुमान के झांकी देखकर दर्शकों ने जय जयकार की.राम सुग्रीव मित्रता का दृश्य बहुत मनोरम रहा.सुग्रीव बाली का युद्ध रोमांचक रहा। रामकिशन भारती तथा साथियों की हास्य झलकी ने दर्शकों को खूब हंसाया। श्री आशुतोष रामलीला समिति के 15वें रामलीला एवं दशहरा महोत्सव में हनुमान प्रस्थान लीला का मंचन किया गया। इसमें जटायु प्रसंग, शबरी भेंट, राम-हनुमान मिलन, सुग्रीव से मित्रता और बाली के बल प्रदर्शन से जुड़े प्रसंग दिखाए गए। भारतीय कला मंच रामलीला सभा गोविंद नगर-राम नगर में हनुमान जी की शोभा का शुभारंभ नगर उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने फीता काटकर किया। रात्रि लीला में राम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध का मंचन हुआ। हनुमान के रूप में आदित्य भारती, सुग्रीव के रूप में हर्ष और बाली के रूप में आभास ने अभिनय किया। मानवीय कल्याण समिति, लेबर कॉलोनी की रामलीला में शबरी की भक्ति, राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध और हनुमान जी को माता सीता की खोज का दायित्व सौंपने के प्रसंग प्रस्तुत किए गए। समिति अध्यक्ष प्रदीप कपिल, महामंत्री विश्वनाथ तिवारी, कोषाध्यक्ष संजय राय और संयोजक ठाकुर रामाशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सुपर क्लब रजिस्टर्ड, गोपाल नगर-नुमाइश कैंप के 33वें रामलीला एवं दशहरा महोत्सव में लंका दहन का शानदार मंचन हुआ। अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट, रावण के दरबार में हनुमान जी के निर्भीक संवाद और स्वर्ण लंका को जलाने के दृश्यों ने दर्शकों में उत्साह भर दिया।

कानून एवं शांति व्यवस्था भंग के आरोप में चार गिरफ्तार



सहारनपुर (दैनिक हॉक)। थाना फतेहपुर पुलिस ने कानून एवं शांति व्यवस्था भंग के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। मिली जानकारी के अनुसार थाना फतेहपुर पुलिस जीवाला रोड पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने ग्राम साहबपुरा व ग्राम जीवाला से शांति व्यवस्था भंग करने के प्रयास करने वाले चार आरोपियों शहजाद व अमजद पुत्रगण इदरीश निवासीगण साहबपुरा थाना फतेहपुर एवं फिरोज पुत्र नानू निवासी साहबपुरा थाना फतेहपुर व राहुल पुत्र सतपाल निवासी जीवाला थाना फतेहपुर को थाना क्षेत्र फतेहपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दबोचे गए आरोपी समाज में कानून एवं शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों बीएनएस की धारा 170, 126 व 135 के तहत चालान काटकर जेल भेज दिया।

सीता हरण व सुग्रीव मित्रता लीला का मंचन



गंगोह (दैनिक हॉक)। पुरातन रामलीला में सीता हरण तो सराय की रामलीला में सुग्रीव मित्रता लीला का मंचन हुआ। रामलीला महोत्सव मंडल द्वारा आयोजित पुरातन रामलीला में साधुवेष धारणकर रावण सीता का अपहरण कर ले गया। सीता अभिषेक पांचाल के विलाप व लविश नामदेव सूर्पनखा, रावण नीरज पाहुजा, राम नितिन गोयल, लक्ष्मण मंयक फौजी के अभिनय पर दर्शक वाहवाह कर उठे। उधर सराय रामलीला में सुग्रीव मित्रता लीला में राम राहुल सैनी, लक्ष्मण महेंद्र सैनी, हनुमान आकाश सैनी, सुग्रीव वेदप्रकाश प्रजापति, अंगद अमित जिंदल, जामवंत सावन सैनी ने अपने पात्रों के साथ न्याय किया।

तीन वर्षीय सेजल ने 120 सेकंड में रामायण से जुड़े दर्जनों सवालों के दिए जवाब



सहारनपुर (दैनिक हॉक)। महज तीन वर्ष की उम्र में रामायण से जुड़े दर्जनों प्रश्नों के उत्तर देकर नन्हीं सेजल लांबा ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। गुरुद्वारा रोड स्थित श्री आशुतोष रामलीला के मंच पर सेजल ने मात्र 120 सेकंड में रामायण से संबंधित सवालों के जवाब देकर अपनी स्मरण शक्ति और धार्मिक ज्ञान का परिचय दिया। उसकी प्रतिभा देखकर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और प्रभु श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।नन्हीं सेजल की इस उपलब्धि पर मंच पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने उसकी जमकर सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इतनी कम उम्र में रामायण के प्रसंगों और उनसे जुड़े सवालों के जवाब देने की उसकी क्षमता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में नन्हीं सेजल लांबा को सरस्वती सम्मान और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने तालियों और जय श्रीराम के जयघोष के साथ उसका अभिनंदन किया। रामलीला के मंच पर सेजल की इस उपलब्धि ने यह संदेश दिया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। बचपन से ही ज्ञान, संस्कार और धार्मिक प्रसंगों के प्रति रुचि बच्चों को विशेष पहचान दिला सकती है। इस अवसर पर श्री आशुतोष रामलीला के प्रधान एडवोकेट गौरव चौधरी, रवि बख्शी और संजय भसीन ने सेजल को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना समाज का दायित्व है।

कोर्ट परिसर में केवल पंजीकृत अधिवक्ता ही यूनिफॉर्म पहनकर वकालत करने के लिए अधिकृत: राजीव गुप्ता

सहारनपुर (दैनिक हॉक)। कोर्ट परिसर में केवल पंजीकृत अधिवक्ता ही यूनिफॉर्म पहनकर वकालत करने के लिए अधिकृत है। कोई बाहरी व्यक्ति अगर वकील की ड्रेस में दिखेगा तो सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का काम करेंगी। सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट राजीव गुप्ता ने कहा कि साधारणतया कोई भी अधिवक्ता न्यायालय परिसर में अपने पंजीकरण के बाद ही प्रेक्टिस करने व वकालत करने के योग्य होता है। योग्यता के लिए उसे निर्धारित परिक्षा पास करने के बाद बार कार्उंसिल में अपना पंजीकरण कराना होता है। यह नियम पूर्ण करने के बाद ही कोई भी अधिवक्ता स्वयं को अधिवक्ता के रूप में कहीं भी प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा उसके लिए सख्त नियम में प्रावधान है। एडवोकेट्स एक्ट, 1961 (धारा 45) इस कानून के तहत सिर्फ बार कार्उंसिल में रजिस्टर्ड वकील ही कोर्ट में प्रैक्टिस कर सकते हैं या खुद को वकील के रूप में पेश कर सकते हैं। कोई भी गैर-पंजीकृत व्यक्ति यदि कोर्ट रूम या परिसर में या अन्य स्थल पर यह ड्रेस पहनकर दलाली करता है, तो उसे 6 महीने की सजा व पाँच हजार रूपए जुर्माना हो सकता है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर

ई–निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

संख्या– 1828/94एम0एस0–एस0वृत्त/2026 दिनांक– 07.10.2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रर्ड श्रेणी सेतु कार्य हेतु अर्ह ठेकेदारो से ई–टैण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध मे निविदादाता निर्देश पुस्तिका मे वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमो से अवगत हो ले।

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 मे)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 मे)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये मे)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
3	सहारनपुर	जनपद सहारनपुर मे नवाबगंज जेलचुंगी मार्ग के कि0मी0 1(250) मे क्षतिग्रस्त एवं जीर्णशीर्ण सेतु का नव निर्माण का कार्य।	475.00	25.75	रू0 2714.00 (टैण्डर कॉस्ट + स्टेशनरी चार्जेज +जीएसटी)	10 माह	सेतु कार्य श्रेणी– ए

➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी मे लगायी गयी दरे सभी करो को जोडते हुए तथा जी0एस0टी0 करो को छोडते हुए लगायी गयी है।
➢ शासनादेश संख्या–14/2020/879/23–7–2020–176(सा)/06 लोक निर्माण अनुभाग–7 लखनऊ दिनाक 25.08.2020 मे निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वाछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
➢ शासनादेश संख्या–86/2026/649/2026/23–7099/106/2025 लोक निर्माण अनुभाग–7 लखनऊ दिनाक 23.05.2026 मे निहित प्राविधानानुसार निविदा पर कार्यवाही की जायेगी।

निविदा ऑन लाईन दिनाक 24.10.2026 से 30.10.2026 की दोपहर 2.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाक 30.10.2026 को दोपहर 02.30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओ की वित्तीय बिडे कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनाक एवं स्थान पर खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/ 3070/78–2–2018/42 आई0टी0/ 2017(22) दिनांक 03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एव वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय मे प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा मे शासनादेश मे निहित प्राविधानो के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वैब साईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
सहारनपुर

उ.प्र. 258290 दि. 07.10.2026 http://etender.up.nic.in

अधीक्षण अभियन्ता
सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0
सहारनपुर

ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन की सहारनपुर में द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न

सहारनपुर (दैनिक हॉक)। ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन की सहारनपुर स्थित मुख्य शाखा लोको रनिंग एवं यार्डध्जंक्शन शाखा के द्विवार्षिक चुनाव आज लोको शाखा कार्यालय में सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया सर्वसम्मति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य शाखा लोको के अध्यक्ष पद पर चेतराम सिंह तथा सचिव पद पर अवधराज मौर्य, लोको रनिंग एवं यार्डध्जंक्शन शाखा के सचिव पद पर प्रवीण पंवार तथा अध्यक्ष पद पर अमित कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया। चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मंडल कार्यालय, अंबाला से एसोसिएशन के मंडल सचिव दयापाल सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष सोभाराम, मंडल कार्यालय सचिव मोंटे कुमार सहित अन्य पदाधिकारी सहारनपुर पहुंचे। सहारनपुर पहुंचने पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सहारनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत मुख्य शाखा कार्यालय में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। चुनाव में मुख्य शाखा लोको के अध्यक्ष पद पर चेतराम सिंह तथा सचिव पद पर अवधराज मौर्य को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। इसी प्रकार, लोको रनिंग एवं यार्डध्जंक्शन शाखा के सचिव पद पर प्रवीण पंवार तथा अध्यक्ष पद पर अमित कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया। दोनों शाखाओं के अन्य पदाधिकारियों का चयन भी सर्वसम्मति से किया गया।

अरबीन हत्याकांड में दो ओर आरोपी गिरफ्तार

गंगोह (दैनिक हॉक)। धरना-प्रदर्शन के बाद पुलिस ने कार्यप्रणाली तेज करते हुए टायर फैक्ट्री मालिक अरबीन चौहान हत्याकांड के नामजद दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक पांच आरोपी जेल जा चुके है। बुधवार को हत्यारों की गिरफ्तारी में देरी से गुस्सायें परिजनों ने ग्रामीणों के साथ कोतवाली में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए हत्यारों की गिरफ्तारी, एनकाउन्टर और बुलडोजर चलाने की मांग की थी। मौके पर पहुंचे सांसद इकरा हसन और विधायक नाहिद हसन ने अधिकारियों से वार्ता कर उन्हें तीन दिन में ठोस कार्रवाई का समय देते हुए कार्रवाई न होने पर बड़े गंगोह थाना घेरने की चेतावनी दी थी। जिस पर अभियान में तेजी लाते हुए पुलिस ने दो आरोपियों पप्पू उर्फ प्रान्जल पुत्र बबलू उर्फ बलवीर व आशू पुत्र बिट्टू निवासीगण ग्राम कल्लरहेडी को धर दबोचा और हत्या में प्रयुक्त लकड़ी के डण्डे भी बरामद कर लिये।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम, सहारनपुर

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना-

निविदा सं0 एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 49/डब्लू/2026-27:- वि0वि0ख0-बेहट के अन्तर्गत उपखण्ड-बेहट के कार्यक्षेत्र में रनिंग कान्ट्रेक्ट के माध्यम से पूर्ण जमा योजना के विभिन्न कार्य। निविदा मूल्य रू0 1180.00 धरोहर राशि रू0 8000.00

2. 50/डब्लू/2026-27:- वि0वि0ख0-बेहट के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र रायपुर-द्वितीय एंव बेहट देहात पर डबल ट्रान्सफार्मर कन्ट्रोल पेनल बदलना, रिपयेर करना, खराब रिले बदलना, व अन्य कार्य एंव विभिन्न उपकेन्द्रो पर वीसीबी रिपयेरिंग का कार्य।

निविदा मूल्य रू0 1180.00 धरोहर राशि- रू0 5000.00

ई-निविदाओं की अंतिम तिथि: 30.10.2026 **समय** 12:00 **बजे**

विस्तृत जानकारी एंव प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेत्तर समस्त सूचनाए वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.यां. अभि./कै. एवं वै. अम्बाला के द्वारा ई टेंडर संख्या **116S-WC-32-MC-4-2026-27** के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके बंद होने की तिथि व समय **05.11.2026, 11:00** है, जो उसी दिन **11:30 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

ई निविदा सूचना सं. - 116S-WC-32-MC-4-2026-27

क्र. सं.	कार्य का नाम	एटवरटाईजड वैल्यू	धरोहर राशि	कार्य की अवधि	निविदा खुलने की तिथि
1	कैरेज एंड वैगन डिपो चंडीगढ़ में उपस्थित LWFCWAC कोचों का आधुनिकीकरण (Upgradation) करने हेतु	Rs. 49,89,605.81	Rs. 99,800.00	02 month	05.11.2026

नोटः 1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। **2.** निविदा सूचना / निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें।

सं.: 116S-WC-32-MC-4-2026-27 दिनांकः 14.10.2026 3600/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.यां. अभि./कै. एवं वै. अम्बाला के द्वारा ई टेंडर संख्या **116S-WC-33-MC-4-2026-27** के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके बंद होने की तिथि व **05.11.2026, 11:00** है, जो उसी दिन **11:35 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

ई निविदा सूचना सं. - 116S-WC-33-MC-4-2026-27

क्र. सं.	कार्य का नाम	एटवरटाईजड वैल्यू	धरोहर राशि	कार्य की अवधि	निविदा खुलने की तिथि
1	अम्बाला कैंट के बीसीएन (BCN) डिपो में कवर्ड वैगनों (ढके हुए माल डिब्बों) के लिए शावर टेस्टिंग (पानी की बौछार से रिसाव जांच) सुविधाओं का प्रावधान	Rs. 34,62,120.00	Rs. 69,300.00	03 month	05.11.2026

नोटः 1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। **2.** निविदा सूचना / निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें।

सं.: 116S-WC-33-MC-4-2026-27 दिनांकः 14.10.2026 3601/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है :–

कार्य का नाम	568 दिनों में दुकानों (शॉप्स) और स्टोर डिपो के बीच स्क्रैप (कबाड़) निपटान तथा नई सामग्री के कार्य का आउटसोर्सिंग।		
निविदा प्रकार	खुला	बोली प्रणाली	एकल पैकेट प्रणाली
निविदा विक्रय समापन तिथि	29.10.2026 प्रातः 11:30 बजे	निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय	14.10.2026 17:34
पूर्व–बोली आवश्यक है	नहीं	आज तक प्री–बिड क्वेरी	ना
विज्ञापन मूल्य	रु. 11,83,838.66/- सभी कर जीएसटी आदि सहित।	निविदा अनुभाग	टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप
अग्रिम धन	रु. 23,700/-	ऑफर की वैधता	60 दिन
निविदा दस्तावेज लागत	Nil (अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार)	समापन की अवधि	568 दिन
बोली आरंभ तिथि	15.10.2026	बोली समाप्ति तिथि	29.10.2026 प्रातः 11:30 बजे
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है।		
वेबसाइट	www.ireps.gov.in पर जाएं		

56/W/Elect/24-25/T/1/RT स्क्रैप निपटान

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **3594/26**

GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar, Apni Pehchan

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 6वां तल, बी बिल्डिंग, गंगा टुनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014, शाखा कार्यालय: 2बी, 1617, दिल्ली रोड, महाराजा पैलेस के पास, अहमद बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश- 247001

ई-नीलामी बिक्री सूचना
सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री
सरफैसी अधिनियम के अन्तर्गत

ई-नीलामी बिक्री सूचना सिक्योरिटाइजेशन और वित्तीय संपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ सार्वजनिक को और विशेष रूप से ऋणधारक/ सह-ऋणधारक/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक रखी गई हैं, (जो कि 'सुरक्षित ऋणदाता' के रूप में अधिनियम के तहत संदर्भित किया जाता है), जिनकी कब्जा अधिकारिता सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 8 और 9 के साथ प्राप्त की गई है, और अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के बाद, उन्हें बेचा जाएगा। **बिक्री के विवरण: सुरक्षित संपत्तियाँ 'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है जैसा है', और 'जो कुछ है वही है' के आधार पर 18.11.2026 को ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। यह सार्वजनिक को सूचित किया जाता है कि बिक्री https://www.bankeauctions.com. वेबसाइट पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। बिक्री के विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया GHFL के/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें: www.grihumhousing.com.**

क्र. सं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम [ए]	मांग सूचना की तिथि एवं बकाया राशि [बी]	कब्जे का प्रकार [सी]	सम्पत्ति का विवरण [डी]	आरक्षित मूल्य [ई]	ईएमडी (आरक्षित मूल्य का 10%) [एफ]	ईएमडी प्रस्तुत करने की तिथि [जी]	वृद्धि बोली [ए]	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय [आई]	नीलामी की तिथि और समय [जे]	ज्ञात बंधन/कोर्ट मामले यदि कोई हों [के]
1.	**ऋण संख्या: HL0054010000000 5035135 मोहम्मद साजिद (ऋणधारक) आफरीन (सह-ऋणधारक)**	**सूचना तिथि: 11.12.2025 कुल बकाया: रू. 11,95,572/-** (रुपये ग्यारह लाख पचानवे हजार पाँच सौ बहत्तर मात्र), जो दिनांक 11-12-2025 तक देय है। उक्त राशि पर 15.6% प्रतिवर्ष की दर से पूर्ण वसूली होने तक ब्याज भी देय होगा।	भौतिक	50 वर्ग गज अर्थात लगभग 41.80 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का एक भूखंड, जिसकी माप पूर्व से पश्चिम: 45 फीट उत्तर से दक्षिण: 10 फीट उक्त संपत्ति खसरा संख्या 850, स्थित ग्राम आली स्वाड बैरून, आबादी एकता कॉलोनी, परगना, तहसील एवं जिला सहारनपुर में स्थित है। संपत्ति से संबंधित सभी प्रकार के अधिकार एवं हित भी इसमें शामिल हैं। संपत्ति की सीमाएँ: पूर्व: श्रीमती सितारा का प्लॉट पश्चिम: 8 फीट चौड़ी सड़क (2.43 मीटर) उत्तर: लतीफुर रहमान का प्लॉट दक्षिण: 15 फीट चौड़ी सड़क (4.57 मीटर)	रु. 6,30,000/- (रुपये बारह लाख बानवे हजार तीन सौ उन्नीस मात्र)	रू. 6,30,000/- (रुपये छह लाख तीस हजार मात्र)	17.11. 2026 को सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	13.11. 2026 को (प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक)	18.11. 2026 को (प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	शून्य

इच्छुक बोलीदाता/खरीदारों को सूचित किया जाता है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी जांच स्वयं करें तथा अतिरिक्त शुल्क, बकाया राशि, और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों को स्पष्ट कर लें। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नीलामी प्रक्रिया से पहले इन सभी पहलुओं से संतुष्ट हैं। संपत्ति से संबंधित सभी कानूनी देनदारियाँ जैसे संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और अन्य बकाया राशि, यदि कोई हो, को सफल बोलीदाता द्वारा अदा किया जाएगा।

नीलामी प्रक्रिया के लिए आवश्यक पंजीकरण: इच्छुक बोलीदाता को पंजीकरण पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है और इसके लिए वे लॉगिन आईडी और पासवर्ड एडवांस में प्राप्त करेंगे, जो ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवश्यक है। पंजीकरण करने के लिए बोलीदाता को नीलामी सेवा प्रदाता C1 India Pvt Ltd से संपर्क करना होगा। सेवा प्रदाता का संपर्क विवरण: पता: प्लॉट नं 68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा-122003, हेल्पलाइन नंबर: 7291981124, 25, 26, ईमेल: Support@bankeauctions.com **सम्पर्क व्यक्ति: धरणी पी, ईमेल: dharani.p@c1india.com सम्पर्क नम्बर: 9948182222** । कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को **Earnest Money Deposit (EMD)** की राशि NEFT/RTGS/DD के माध्यम से **"GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED & AUCTION PROCEEDS A/C"**, बैंक **ICICI BANK LTD** में जमा करनी होगी। खाता संख्या: 091501000028 IFSC कोड: ICIC0000915 शाखा: ICICI Bank Ltd, पंचशील टेक पार्क, नियर गणपति चौक, 43/44 विमान नगर- 411014 यह राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **17.11.2026** तक जमा करनी होगी और बोलीदाता को **https//www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा, नि:शुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा तथा सेवा प्रदाता से ई-नीलामी का प्रशिक्षण भी प्राप्त करना होगा। पंजीकरण के बाद, बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रति अपलोड करनी होगी और स्वयं प्रमाणित हार्ड कॉपी को निम्नलिखित पते पर भेजना होगा: **पता: 2B, 1617, दिल्ली रोड, महाराजा पैलेस के पास, अहमद बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश- 247001, मोबाइल नं.: +91 8281138143 ई-मेल आईडी: p.adith@grihumhousing.com, अधिक जानकारी के लिए: नीलामी के शर्तों और नियमों के लिए, कृपया निम्नलिखित वेबसाइट पर जाएं: https://www.bankeauctions.com एवं www.grihumhousing.com पर जाएं और ई-नीलामी में भाग लें।**

यह सूचना 30 दिन (तीस) का नोटिस के रूप में माना जाए, जैसा कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के तहत ऋणधारक/ सह-ऋणधारक/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को दिया गया है।

यदि किसी भी स्थिति में स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचारपत्र के प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर होता है, तो The Hawk में प्रकाशित अंग्रेजी समाचारपत्र की सामग्री को मान्य माना जाएगा।

तिथि: 16.10.2026 स्थान: सहारनपुर

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिम